
# अब एमपी बनेगा 'मॉडर्न प्रदेश'

## बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह- कुछ लोग समझते हैं सबके बॉस तो हम हैं

**148** एकड़ में बनने वाली बीईएमएल

**1800** करोड़ की लागत से बनेगी फैक्ट्री

**05** हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा



**रायसेन, 09 अगस्त. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के उमरिया गांव पहुंचे, जहां औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रेल कोच इकाई का भूमिपूजन किया. इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग भारत की विकास गति से खुश नहीं हैं. वे समझते हैं सबके बॉस तो हम हैं.**

भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है, यह कई लोगों को खटक रहा है. कोशिश की जा रही है कि भारतीय उत्पाद महंगे हो जाएं ताकि दुनिया इन्हें न खरीदे, लेकिन अब कोई ताकत भारत को विश्व शक्ति बनने से नहीं रोक सकती.

राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत अब 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रक्षा सामान निर्यात कर रहा है. उन्होंने इसे नए भारत के नए रक्षा क्षेत्र की ताकत बताया. हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को और मजबूत कर रहा है, आतंकवाद पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पहले आतंकवादी धर्म पूछकर लोगों को मारते थे, लेकिन भारत ने तय किया कि वह किसी को धर्म देखकर नहीं, बल्कि कर्म देखकर मारेगा. राजनाथ सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में इसे 'मॉडर्न प्रदेश' के नाम से जाना जाएगा. उन्होंने बताया कि आज जिस रेल कोच फैक्ट्री का शिलान्यास हुआ, उसका नाम 'ब्रह्मा' रखा गया है, जो सृष्टिकर्ता के नाम से प्रेरित है.

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रेसिडेंट एंड सीएमडी बीईएमएल शांतनु राय ने कहा कि यहां से 18 महीने में पहला स्टॉक रोल आउट करने का प्रयास होगा. यहां लाइट वेट एल्युमीनियम रेलवे कोच भी तैयार किए जाएंगे.

### मध्यप्रदेश को मिली रेल कोच फैक्ट्री की सौगात

भोपाल,10 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर रायसेन जिले के उमरिया में 60 हेक्टेयर में 1,800 करोड़ रुपये की लागत से 'ब्राह्मा' रेल कोच मैन्युफैक्चरिंग परियोजना स्थापित होगी. 148 एकड़ में बनने वाली बीईएमएल की इस परियोजना से पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा. यहां वंदे भारत, अमृत भारत और मेट्रो ट्रेनों के कोच बनेंगे, जिससे भारतीय रेल के नए युग की शुरुआत होगी. यह फैक्ट्री 1800 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित होगी. संयंत्र 'मेक इन इंडिया' व 'आत्मनिर्भर भारत' के अनुरूप होगा और पर्यावरणीय मानकों का पालन करेगा. प्रारंभिक क्षमता 125-200 कोच प्रतिवर्ष होगी, जिसे पांच वर्षों में 1,100 कोच तक बढ़ाया जाएगा. मेट्रो निर्माण के वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनेगा.

# साड़ ने एक दर्जन लोगों को किया घायल

## कचनी में साड़ का आतंक, राहगीरों पर करता है हमला



**सिंगरौली 10 अगस्त. कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी कचनी में एक साड़ इन दिनों आतंक मचाएं हुये हैं. पिछले एक पखवाड़े के दौरान दर्जन भर से अधिक लोगों पर जानलेवा हमला कर चुका है. साड़ के इस आतंक से कचनी वासी दहशत में रहते हैं. वही उसे देख घरों के दरबाजों को बंद करने में विवश हैं.**

दरअसल पिछले एक पखवाड़े के पूर्व से कचनी मोहल्ले में एक साड़ आतंक मचा कर रखा है. आलम यह है कि सुबह से लेकर शाम तक कचनी के शगुन गार्डन के पीछे डेरा जमाए हुये हैं. जहां 24 घंटा वही अपना ठिकाना बनाये हुये रखा है और इस दौरान पैदल एवं स्थानीय निवासियों को आते-जाते देख हमला बोल देता है. यहां के रहवासी श्रीकांत द्विवेदी बताते हैं कि साड़ का आतंक इस कदर है कि अब तक करीब एक दर्जन से अधिक जिसमें हंशलाल कुशवाहा कचनी, छोटे गोस्वामी, लल्लू कुशवाहा समेत कई लोगों को निशाना बनाकर जानलेवा हमला कर चुका है. जिनका ईलाज बैढ़न के निजी नर्सिंग होम में चल रहा है. वही शनिवार की शाम एक अंधे व्यक्ति पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया.

> साड़ को नगर निगम नही, बल्कि वन अमला पकड़ेगा. फिर भी प्रयास होगा कि जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा.
> **आरपी बैस**
> उपायुक्त, नपानि सिंगरौली

उन्होंने आगे बताया कि साड़ के आतंक से मौहल्लेवासी खौफजदा हैं. बच्चों को स्कूल भेजने में भी अभिभावक डरे-सहमें नजर आते हैं. साथ ही यह भी बताया कि इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों को भी कई बार अवगत कराकर साड़ को पकड़े जाने की मांग किया जा चुका है.

# 'वोट चोरी' के खिलाफ राहुल गांधी का मिस्ड कॉल अभियान



**नयी दिल्ली, 10 अगस्त. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इस मुद्दे पर समर्थन जुटाने के लिए मिस्ड कॉल अभियान शुरू किया है. उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फोन नंबर 9650003420 जारी कर लोगों से इस पर मिस्ड कॉल करने की अपील की.**

राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी "एक व्यक्ति, एक वोट" के बुनियादी सिद्धांत पर हमला है और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों के लिए पारदर्शी मतदाता सूची आवश्यक है. उन्होंने चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि जनता और राजनीतिक दल उसका स्वयं ऑडिट कर सकें. गांधी ने लोगों से वोटचोरी.इन/एकडिमांड पर जाने या 9650003420 पर मिस्ड कॉल देकर इस अभियान में जुड़ने की अपील की.

# वाड्रा ने 58 करोड़ की अवैध कमाई : ईडी



**नई दिल्ली,10 अगस्त. मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने खुलासा किया है कि गुरुग्राम में एक दागी जमीन सौदे के तहत कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा को अपराध की आय के रूप में 58 करोड़ रुपये मिले.**

आरोप है कि 53 करोड़ रुपये स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्रा. लि. और 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्रा. लि. के जरिए भेजे गए. ईडी के आरोपपत्र के मुताबिक वाड्रा ने पूछताछ में तीन दिवंगत लोगों — एचएल पाहवा, राजेश खुराना और महेश नागर — पर जिम्मेदारी डाल दी, लेकिन कोई दस्तावेजी सबूत नहीं दिया.

ईडी का दावा है कि वाड्रा ने यह रकम आलीशान जिंदगी जीने और संपत्ति खरीदने में लगाई. जांच में सामने आया कि अपराध से प्राप्त धन से विभिन्न शहरों में जमीन, फ्लैट और वाणिज्यिक इकाइयां खरीदी गईं, निवेश किया गया और कंपनियों के कर्ज चुकाए गए. ईडी ने अब तक 38.69 करोड़ रुपये मूल्य की 43 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है, जिनमें बीकानेर, गुरुग्राम, मोहाली, अहमदाबाद, नोएडा और फरीदाबाद की संपत्तियां शामिल हैं.

एजेंसी ने पीएमएलए की धारा 4 के तहत आरोपियों को 7 साल तक की सजा और संपत्ति जब्ती की मांग की है.

**स्टाम्प ड्यूटी में 45 लाख बचाए**

यह मामला हरियाणा के गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में जमीन की खरीद-बिक्री और लाइसेंस जारी करने में कथित गड़बड़ियों से जुड़ा है. आरोप है कि स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने 3.5 एकड़ जमीन केवल 7.50 करोड़ में खरीदी, जबकि वास्तविक कीमत 15 करोड़ थी,

और झूठी जानकारी देकर स्टाम्प ड्यूटी में करीब 45 लाख बचाए गए. बाद में प्रभाव का इस्तेमाल कर कमर्शियल लाइसेंस लिया गया और जमीन 58 करोड़ रुपये में डीएलएफ को बेच दी गई. फाइल में तारीख और नक्शे में हेरफेर के सबूत भी मिले. ईडी ने इस सौदे को अवैध बताते हुए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है.

# कार पलटने से पूर्व मंत्री की बेटी और दामाद घायल

**उमरिया.** बांधवगढ़ सड़क मार्ग में ग्राम बड़ेरी के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलटकर चारों खाने चित हो गई. कार में पूर्व मंत्री स्वर्गीय राम किशोर शुक्ला की बेटी और दामाद सवार थे. घटना में दोनों घायल हो गए.घायलों को 108 एंबुलेंस के मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामकिशोर शुक्ला के बेटी दामाद अनीता पांडे और विनय पांडे कार में सवार होकर जबलपुर से ब्योहारी की तरफ जा रहे थे, तभी उमरिया जिले के बांधवगढ़ रोड में ग्राम बड़ेरी के आगे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई. जिससे कार में सवार अनीता पांडे और विनय पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है.

# विधायक भतीजे का टोल प्लाजा पर हाईवोल्टेज ड्रामा

**देवास,10 अगस्त.सत्ता के नशे में चूर एक दबंग का भोपाल मार्ग स्थित भोरासा टोल प्लाजा पर तांडव. जी हाँ, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में दावा किया जा रहा है कि यह कोई आम शख्स नहीं, बल्कि देवास की हाटपिपल्या सीट से बीजेपी विधायक मनोज चौधरी का भतीजा निखिल पिता बलराम चौधरी का है.**

वीडियो में साफ-साफ दिख रहा है कि आरोपी युवक टोल कर्मियों से बदतमीजी कर रहा है, गाली-गलौज कर रहा है और मारने की धमकी दे रहा है.

टोल पार करने के विवाद ने



मिनटों में हाईवोल्टेज ड्रामे का रूप ले लियाज और अब यह मामला सीधे सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन चुका है.

> यहां दबंगई, धमकी और गाली-गलौज का पूरा हाईवोल्टेज ड्रामा कैमरे में कैद हो गया है .वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है और सवाल उठ रहे हैं. क्या सत्ता का नशा कानून से ऊपर है .पूरे मामले ने राजनीतिक रंग पकड़ लिया है और विपक्ष ने विधायक के परिवार पर सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस ने इस मामले में टोल कर्मचारियों के बयान के आधार पर थाना भोरासा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है.

# ईसी ने सुको में एडीआर की मांग का किया विरोध

**पटना/नई दिल्ली, 10 अगस्त.** बिहार में मतदाता सूची संशोधन (रिवीजन) प्रक्रिया पर उठ रहे विवाद के बीच, एसो. फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर चुनाव आयोग (ईसी) ने सुको में हलफनामा दायर किया है. एडीआर ने आरोप लगाया था कि प्रदेश में 65 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं और उनकी सूची सार्वजनिक की जानी चाहिए. ईसी ने इस मांग को खारिज करते हुए कहा कि कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि मसौदा मतदाता सूची से बाहर किए गए नामों की अलग सूची तैयार या साझा की जाए, या नाम न शामिल करने के कारण बताए जाएं. ईसी ने हलफनामे में कहा कि कोई भी पात्र मतदाता जिसका नाम मसौदा सूची में नहीं है, वह 1 अगस्त से 1 सितंबर के बीच दावा-आपत्ति अवधि में फॉर्म-6 भरकर शामिल होने का अनुरोध कर सकता है. आयोग के अनुसार, मसौदा सूची से किसी का नाम बाहर होना अंतिम मतदाता सूची से नाम हटाने के बराबर नहीं है, बल्कि यह केवल गणना चरण में प्राप्त फॉर्म की स्थिति दर्शाता है. ईसी ने कहा कि सभी जिलों में बैठकों के जरिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूचियां उपलब्ध कराई गई हैं. आयोग ने एडीआर के दावे को गलत, भ्रामक और अस्थिर बताया.

## एक नजर में

### भाजपा नेता सहित चार जुआ खेलते गिरफ्तार

**पन्ना.** गांजा एवं जुंआ के लिए मशहूर सलेहा थाना क्षेत्र मे देर से भले ही सलेहा पुलिस जागी हो लेकिन जुंआड़ियों पर कार्यवाही करते हुए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और उनके दोस्तों को पुलिस ने जुआ खेलते हुए पकड़ा है. सलेहा पुलिस टीम शुक्र-शनिवार की रात कस्बे में गश्त कर रही थी. तभी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम गंज मे हनुमानजी मंदिर के पास बरगद के पेड के नीचे कुछ लोग जुंआ खेल रहे हैं. पुलिस मौंके पर पहुंची तो जुआरी भागने लगे. भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतीष चौरसिया पिता रामकृपाल चौरसिया 44 वर्ष निवासी ग्राम गंज समेत चार लोगों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा.

### दिव्यांग भाई-बहनों को भेंट की ट्राई साइकिल

**सतना.** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सतना संसदीय क्षेत्र के यस्शवी एवं लोकप्रिय सांसद गणेश सिंह द्वारा संसदीय कार्यालय सतना मे सतना लोकसभा क्षेत्र के दिव्यांग भाई-बहनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल एवं रक्षा बंधन का उपहार सप्रेम भेंट किया. जिनमें जागेश्वर चौधरी ग्राम सलैया, रामविश्वास केवट ग्राम रूहिया, दीनेन्द्र कुमार पटेल ग्राम इटमा कोठार, अंगद प्रसाद नामदेव ग्राम खम्हरिया, रामभुवन साहू ग्राम गढवा खुर्द, नेपाल सिंह ग्राम मतहा, नवीन कुमार वार्ड 44 टिकुरिया टोला, अंश साहू सिद्धार्थ नगर, अंजना देवी कुशवाहा, कान्ती लखेरा को उपहार में भेंट की गई.

# पेसमेकर सर्जरी से बचाई 3 की जिंदगी



**रीवा, 10 अगस्त, कजलिया उत्सव के पवित्र अवसर पर, जब पूरा रीवा शहर उत्सव और उल्लास में डूबा हुआ था, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एस के त्रिपाठी ने अपनी असाधारण प्रतिबद्धता और कौशल के साथ तीन मरीजों की जिंदगी बचाकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया. इस दिन जहां लोग उत्सव मना रहे थे. डॉ. त्रिपाठी ने अपने कर्तव्य को प्राथमिकता देते हुए तीन जटिल पेसमेकर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया.**

इन मरीजों को गंभीर हृदय संबंधी समस्याओं, जैसे कम्पलीट हार्ट ब्लॉक, सिक साइनस सिंड्रोम और अन्य अनियमित हृदय गति की शिकायतें थीं, जिनके लिए तत्काल चिकित्सीय हस्तक्षेप की आवश्यकता थी. डॉ. एस के त्रिपाठी ने अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया के माध्यम से इन सर्जरी को पूरा किया.

> डॉ. एस के त्रिपाठी ने कहा कजलिया उत्सव का दिन हमारे लिए उत्सव का दिन है, लेकिन मेरे लिए मरीजों की जिंदगी बचाना सबसे बड़ा उत्सव है. यह मेरा कर्तव्य है कि मैं हर परिस्थिति में अपने मरीजों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दूं.

# भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड से 21 .93

**अनूपपुर,10 अगस्त. भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड, शाखा अनूपपुर से धोखाधड़ी कर 21 लाख 93 हजार 868 रुपये गबन करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को फरार आरोपियों की तलाश तेज करने के आदेश दिए गए थे. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्?सूरी और एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जिला




कटनी और जिला सतना से दबोच लिया.

जानकारी के अनुसार 5 अप्रैल 2024 को शाखा प्रबंधक सपन रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कंपनी गरीब महिलाओं को पाँच-पाँच के समूह में लघु उद्योग हेतु लोन देती है. शाखा में कार्यरत कर्मचारी मनीष कुशवाहा निवासी ग्राम चंदई चदौनी जिला सतना, लखन कुमार चक्रवती निवासी ग्राम पचपेढ़ी थाना उमरिया पान जिला कटनी, अजय कुशवाहा निवासी ग्राम नयागांव जिला सतना, रजनीश कुशवाहा निवासी ग्राम महुला जिला सतना ने विभिन्न लोन धारकों से ऋण की राशि वसूली, लेकिन कंपनी में जमा न कर 21 लाख 93 हजार 868 रुपये का गबन कर लिया. इस मामले में थाना कोतवाली में धारा 406, 409, 420, 34 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज हुआ था. चारों आरोपी लंबे समय से फरार थे, जिन पर पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम की घोषणा भी की गई थी. कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रवीण साहू, प्रधान आरक्षक महेंद्र राठौर, शेख रसीद, विनय बैस, अमित यादव और साइबर सेल प्रभारी राजेंद्र अहिरवार की टीम ने मनीष कुशवाहा, लखन कुमार चक्रवती और अजय कुशवाहा को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया है.

**लापरवाही** | अधिकारियों ने मरम्मत के नाम पर किया घालमेल, डकार गए बजट

# पानी के बहाव से नहर फूट कर बना मौत का कुआ

**बालाघाट,10 अगस्त. जिले के अनुविभागीय क्षेत्र किरनापुर पंचायत साल्हे पिपरटोला ग्राम के पास 9 अगस्त को नहर की अचानक फूटने की खबर आस पास के गांव में फैल गई. नहर देखने ग्राम के किसान भाई लोग पहुँचे. फूटा नहर देककर चौक गये. नहर के अंदर ही अंदर धसते जा रहा है. वह मौत का खाई बन चूका है.**

अधिकारी की लापरवाही से क्षेत्र के किसानों ने भारी नाराजगी जाहिर की है. ग्राम की कुछ नागरिक बताते है की बारिश के पहले से अधिकारीयों को नहर की मरमत को लेकर बताई गई किंतु जू तक नहीं रेंगा, नहर फूटा शुबह जानकारी दी गई. आधिकारी करीबन 5 बजे मौके पर पहुँचे, मोके पर मामले में किसानों का कहना है कि एक और किसान को बारिश लगते पानी देने को लेकर पैसे जमा करने कहा जाता है वही इस तरह नहर फूटा है जबकि इस नहर की मरमत तक नहीं की है जिसके वजह से सीमेंट के पुल के पास मिट्टी धशते जा रहा है, खड्डा इतना हो चुका की भय सा लगता है.

नहरों के परो में दरारें आ चुकी है वही वह गड्डा खाई बन चूका जिसे कभी भी बड़ी दुर्घटनाए हो सकती है. वही किसान नहर फूटा देखकर सोच मे डूब चुके है की साल भर का मेहनत पसीने की कमाई खेत फसल खड़ा करने मे लगा दिया गया है, वही दूसरी ओर बारिश समय पर नहीं होने से खड़ी फसल भी सुक जाती है. इस नहर के पानी के भरोसे हि फसल खडे पकने सम्भवाना बनी हुई थी, लेकिन अधिकारीयों की गैर जिम्मेदारीयो के कारण अब नहर फुट जाने से किसान का सपना हि टूटते नजर आ रहा है. किसानो ने जिले के कलेक्टर साहब से आग्रह किया गया है की कार्यवाही कर नहर का मरमत किया जाये. साले पीपार्टोला के बिच नहर फुट जाने से आसपास के लगभग एक दर्जन किसानों के खेत में खड़ी फसलों को लेकर चिंताजनक विषय बन गया है.

> **किसानों ने सुनाया अपना दु :खड़ा**
> आधिकारियों मौक़े पर नहीं पहुंचने से ग्राम में आक्रोश फैल रहा था वही मीडिया से चर्चा कर नाराजगी बताई गई. जस तरह अधिकारीयों लापरवाही से टूटी बाँध सेस नहर मे पानी का श्रोत हो रहा था जिसे किसानों को नहर के माध्यम से पानी मिलने का आस बनी रहती है,परन्तु इन गैर जिम्मेदार अधिकारीयों के कारण आज जिन्दगी दाव पर लगी है. सिचाई विभागीय अधिकारी संबंधित से मीडियाकर्मियों ने चर्चा करने पर अधिकारी पल्ला झड़ते हुए अपने जिम्मेदारियों से भाग रहे है.

### रिश्तेदारी में आए युवक की गोली मारकर हत्या

**दमोह.** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप ग्राम बालाकोट जंगल में तत्कालीन वजह से एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने का सनसनी खेज घटनाक्रम सामने आए हैं. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सीएसपी एचआर पांडे, चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी, प्र.आ.आलोक, प्रेमदास, आ.देवेंद्र, अजय, रुपेश, सहित पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी और शव को सुरक्षित जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवा दिया गया था. चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे यह घटना की सूचना मिली थी, जहां तत्काल पहुंचकर शव को सुरक्षित जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया था.

# झंडा चौक में महिला ने खाया जहर, युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर,10 अगस्त . रांझी थाना अंतर्गत नई बस्ती झंडा चौक में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली तो भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सिहोदा में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. मृतकों ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है. पुलिस दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही है.**

रांझी पुलिस ने बताया कि वंदना विश्वकर्मा 33 वर्ष निवासी नई बस्ती झंडा चौक सुभाषनगर थाना रांझी ने घर पर जहरीली वस्तु सेवन कर लिया. देवर प्रकाश विश्वकर्मा द्वारा इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया




गया था. दौरान उपचार के महिला की मौत हो गई. इसी प्रकार भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह लगभग 11 बजे गोविंद पटेल 52 वर्ष निवासी ग्राम सिहोदा ने सूचना दी कि उसका लड़का दीपक पटैल शराब पीने का आदी है,सुबह लगभग 6-30 बजे शराब पीकर कमरा बंद कर काले रंग का बिजली के वायर से फंदा बनाकर पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है.